हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के नेतृत्व में केंद्रीय दल ने कल चंड़ीगढ़ में किसानों की मांगों पर विचार-विमर्श के लिए उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। दोनों पक्ष 22 फरवरी को अगले दौर की बातचीत के लिए सहमत हुए।बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्री जोशी ने कहा कि बातचीत सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हुई।
किसान प्रतिनिधियों के दो संगठन-संयुक्त किसान मोर्चा (ग़ैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा- इस बैठक में शामिल हुए। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर सहित 28 किसानों ने बातचीत में हिस्सा लिया।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा:

*******************************************************************
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा है कि बीजेपी, निकाय चुनाव पार्टी के चिन्ह पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्षदों के साथ-साथ नगर परिषद और कुछ नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव भी पार्टी चिन्ह पर ही लड़ा जाएगा।करनाल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर उनकी सभी तैयारियां पूरी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जल्द पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी हो जाएगी।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद पार्टी और  मजबूत हुई है। अनिल विज पर पूछे सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता है। कांग्रेस द्वारा बैलट पेपर पर चुनाव कराने की मांग पर मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि यह आयोग ही तय करता है कि चुनाव बैलेट पेपर से होंगे या ईवीएम से होंगे।

पानीपत में एक बीजेपी नेता पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह कोई पुराना मामला था जिसमें जांच चल रही है।
*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा हमारे राष्ट्र का मजबूत आधार स्तंभ हैं। युवाओं की सोच सकारात्मक विचारधारा के साथ राष्ट्रहित में सोचने और कार्य करने के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल शिक्षा तक सीमित नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक है। मुख्यमंत्री कल फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।
*****************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्र सरकार ने संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के तहत हरियाणा में विभिन्न बिजली परियोजनाओं के लिए छः हज़ार, 797 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसमें गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलों में वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण और स्मार्ट वितरण के लिए तीन हजार 638 करोड़ 21 लाख रुपये के कार्य शामिल हैं।

संशोधित वितरण क्षेत्र योजना केंद्र सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य बिजली वितरण क्षेत्र की वित्तीय व्यवहार्यता और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।श्री विज ने बताया कि इस योजना में स्मार्ट मीटरिंग के लिए निविदाएं आमंत्रित करना, प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत करना और अन्य संबंधित कार्य शामिल हैं।
*********************************************************************************

कल पंचकूला में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के नवचयनित सदस्यों की बैठक हुई। नौ सदस्य चुने जाने के लिए बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता, गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त न्यायाधीश एच.एस भल्ला ने की। बैठक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जस्टिस भल्ला ने बताया:
*********************************************************************************

हरियाणा में विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है।पंचकूला से हमारी संवाददाता ने बताया है कि विद्यालय एकल पारी में अब साढ़े नौ की बजाय सुबह आठ बजे खुलेंगे और छुट्टी साढ़े तीन की बजाय □ाई बजे होगी, जबकि दोहरी पारी वाले विद्यालयों में पहली पारी सुबह सात से साढ़े बारह बजे तक तो दूसरी पारी का समय बाद दोपहर पौने एक बजे से शाम सवा छह बजे तक रहेगा।नया समय परसों 17 फरवरी से लागू होगा जो 14 नवंबर तक लागू रहेगा।